DOON PUBLIC SCHOOL, BHUJ

कक्षा -5 **हिन्दी-चित्रकथा लेखन -वर्कशीट** दिनांक:08/05/2020

प्रिय विद्यार्थियों,

आशा करती हूँ कि आप सब अपने-अपने परिवार के साथ स्वस्थ और आनंद के साथ होंगे। यह आपका हिन्दी विषय का ग्रीष्मकालीन गृह कार्य है । इसे आप सुंदर और साफ हस्तलेख में अपनी हिन्दी की नोट बुक में लिखें । इस ग्रीष्मकालीन गृह कार्य की जाँच , जब भी स्कूल खुलेगा तब की जाएगी। आप अपने समय को बहुत ही सावधानी और सुरक्षा के साथ बिताएँ । क्योंकि एक बार जो समय चला जाता है , वह लौटकर नहीं आता है । समय की कीमत , उसे खोकर ही पता चलती है। आशा करती हूँ की आप सब मेरा मंतव्य समझ गए होंगे। अपना ध्यान रखिए और घर में ही रहिए।

सपनो की उड़ान

एक खरगोश का छोटा बच्चा था जिसका नाम चीकू था। चीकू बहुत ही समझदार और मेहनती था। वह हमेशा अपने आस-पास की चीजों को ध्यान से देखता और उन्हे परखने की कोशिश करता। एक दिन सुबह-सुबह चिड़िया के चहचहाने की आवाज़ सुनकर चीकू की नींद खुल गयी। चीकू उड़ती हुई उस चिड़िया को ध्यान से देखने लगा और सोचने लगा कि अगर मै भी उड़ पाता तो कितना अच्छा होता। चीकू मेहनती था। उसने अपनी मेहनत और सूझबूझ से एक पैराशूट बनाया और वह आसमान की सैर करने लगा। चीकू ने उड़ते हुए जब नीचे पेड़-पौधों, नदी, पहाड़ आदि को देखा तो सब छोटा-छोटा दिखाई देने लगा जिसे देख कर चीकू बहुत खुश हो गया। चीकू ने अपनी मेहनत और सूझबूझ से अपने सपनो की उड़ान को पूरा किया। अगर हम सब मे भी कुछ करने की दृढ़ इच्छा हो तो सब कुछ सम्भव है।

<u>शिक्षा :- मेहनत ही सफलता की कुंजी है ।</u>

प्रश्न-1 निम्न चित्र को देखकर एक स्वरचित कहानी लिखिए। कहानी का शीर्षक एवं शिक्षा भी लिखें ।

प्रश्न-2 निम्न चित्र को देखकर एक स्वरचित कहानी लिखिए। कहानी का शीर्षक एवं शिक्षा भी लिखें ।